भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. †4315

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 11 अगस्त, 2017/20 श्रावण, 1939 (शक) को दिया जाना है)

प्रत्यक्ष करों के अंतर्गत बकाया

†4315 श्री लक्ष्मण गिलुवाः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्रत्यक्ष करों के अंतर्गत बकायों की वसूली हेतु कोई लक्ष्य निर्धरित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त लक्ष्यों को किस स्तर तक प्राप्त किया गया है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) एवं (ख): जी हां। सरकार ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिए प्रत्यक्ष कर की बकाया धनराशि के नकद संग्रहण के लिए 71,513 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया है।

(ग): दिनांक 30.06.2017 तक, उक्त लक्ष्य के मुकाबले 9545 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की जा चुकी है जो लक्ष्य का 13.36% है।

****